प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–14.06.2023 (सं0–310)

मुजफ्फरपुर के कांटी थानान्तर्गत माइक्रोफाइनेन्स कम्पनी से हुए लूट काण्ड का उद्भेदन, 03 अपराधकर्मी पुलिस मुठभेड़ पश्चात् गिरफ्तार।

मुजफ्फरपुर जिला के कांटी थानान्तर्गत दिनांक 05.06.2023 को माइक्रोफाइनेन्स कम्पनी में 27.42 लाख की डकैती/लूट की घटना प्रतिवेदित हुई थी जिसके संदर्भ में कांटी थाना काण्ड संख्या–407/23 धारा–395/397 भा0द0वि0 दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए काण्ड के उद्भेदन हेतु एक SIT का गठन किया गया था। इस क्रम में SIT को निम्न सफलताएँ प्राप्त हुयी।

1. उक्त काण्ड के अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि स्पंदना माइक्रोफाइनेन्स कम्पनी में 27 लाख 42 हजार की लूट काण्ड में सम्मिलित अपराधकर्मियों द्वारा लूट में प्राप्त रकम के बँटबारा करने तथा किसी अन्य स्थान पर आपराधिक घटना को अंजाम देने एवं मादक पदार्थ की खरीद बिक्री करने हेतु इकटठा हुए हैं। इस आसूचना पर गठित विशेष टीम द्वारा छापामारी कर 03 अपराधकर्मी को दिनांक 13.06.2023 को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य अपराधकर्मी बोलेरो पर सवार होकर भाग गये।

   गिरफ्तार अपराधकर्मी (1) नितेश कुमार, पे0–रविन्द्र सिंह, सा0–तराबवा, थाना–साहेबगंज, जिला–मुजफ्फरपुर (2) ललीत सहनी, पे0–रामबली सहनी, सा0–बरहद, थाना–हथौड़ी, जिला–मुजफ्फरपुर (3) भरत पंडित पे0–विशेश्वर पंडित, सा0–अतरार, थाना–औराई, जिला–मुजफ्फरपुर हैं।

   इनके पास से 02 देशी कट्टा, 03 जिन्दा कारतूस, 01 किलोग्राम चरस, 3,00,890/–(तीन लाख आठ सौ नब्बे रू0) नगद बरामद किया गया।

2. गठित विशेष टीम द्वारा दिनांक 14.06.2023 को करीब 12.30 बजे बोलेरो से भागे अपराधकर्मी का पीछा करते हुए सिवाईपट्टी थानान्तर्गत सहगरी मोड़ के पास घेराबंदी किया जाने पर अपराधकर्मियों द्वारा आग्नेयास्त्र से गोलीबारी की जाने लगी। पुलिस टीम द्वारा जबावी कार्रवाई में अपराधकर्मी (1) रशीद उर्फ डेविड, पे0–मो0 अजहर, सा0–ठिकहाँ, थाना–हथौड़ी (2) संतोष सहनी उर्फ बैगन, पे0–नन्दकिशोर सहनी, सा0–अतरार, थाना–औराई (3) कौशल दास, पे0–गिरधारी दास सा0–अतरार, थाना–औराई सभी जिला–मुजफ्फरपुर गोली से जख्मी हो गये।

   उक्त अपराधकर्मियों के पास से **01 कारबाईन, 02 पिस्टल, 20 राउण्ड जिन्दा कारतूस, 09 राउण्ड खोखा एवं लूट के 9,31,000/–(नौ लाख इकतीस हजार रू0) नगद** बरामद किया गया है। तीनों जख्मी अपराधकर्मी को इलाज हेतु एस0के0एम0सी0एच0 मुजफ्फरपुर में भर्ती कराया गया है।

3. इस प्रकार उक्त काण्ड में **अबतक 06 अपराधी गिरफ्तार हो चुके हैं और 12,31,890/–रू0 नगद की बरामदगी की गई है।** अन्य बिन्दुओं पर अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तारी

1. नितेश कुमार, थाना–साहेबगंज
2. ललीत सहनी, थाना–हथौड़ी
3. भरत पंडित, थाना–औराई
4. रशिद उर्फ डेविड, थाना–हथौड़ी
5. संतोष सहनी उर्फ बैगन, थाना–औराई
6. कौशल दास, थाना–औराई

(सभी जिला–मुजफ्फरपुर)

बरामदगी

1. नगद रूपये–12,31,890 (बारह लाख एकतीस हजार आठ सौ नब्बे)
2. देशी कट्टा–02
3. जिन्दा कारतूस–15 (.315 बोर)
4. जिन्दा कारतूस–08 (09 एम0एम0)
5. चरस जैसा मादक पदार्थ–01 किलोग्राम
6. कारबाईन–01
7. पिस्टल–02
8. गोली का खोखा–09
9. बोलेरो–01
10. स्पंदना माइक्रोफाइनेन्स कम्पनी (कांटी) से लूटी गई लैपटॉप–01

आपराधिक इतिहास

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध विभिन्न थानों में लूट/डकैती, आर्म्स एक्ट के कई काण्ड दर्ज है।

xxxxxxxxxxxx